प्रो0 अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2022/5434 दिनांकः 28 फरवरी, 2022

सेवा में,
निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ,उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः सत्र 2021–22 के विषम सेमेस्टर के समस्त प्रथम सेमेस्टर एवं बी0टेक / बी0फार्म पाठ्यक्रम के तृतीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षाओं को ऑफ–लाइन मोड में कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 5344 दिनांक 11 जनवरी, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2021–22 के विषम सेमेस्टर के समस्त प्रथम सेमेस्टर एवं बी0टेक0 एवं बी0फार्म पाठ्यक्रम के तृतीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षाओं को **ऑफ–लाइन मोड** में **दिनांक 07 मार्च, 2022 से दिनांक 14 मार्च, 2022** के मध्य आयोजित कराई जायेगी। प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षा कराने के लिए परीक्षकों की डयूटी की सूची संस्थानों के ई0आर0पी0 लागिन तथा सम्बन्धित शिक्षकों के लॉगिन मे भी अपलोड कर दी जायेगी।

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में अनुरोध है कि सम्बन्धित परीक्षकों (शिक्षकों) से सम्पर्क कर छात्रों के हित में प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षा ऑफ–लाइन के माध्यम से सम्बन्धित गाइड लाइन के अनुसार व्यवस्था कराने का कष्ट करें तथा प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षा के प्राप्तांको को ई0आर0पी0 पोर्टल अपलोड कराना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ परीक्षा संबंधित समस्त कार्यवाही एवं प्रपत्रों को विधिवत सुरक्षित रखे, ताकि विश्वविद्यालय में समय–समय पर आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया जा सकें।

कृपया उक्त से तदनुसार अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें

भवदीय

Anurag Tripathi 28.02.22
(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
7. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक